FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी

संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य थाना टूण्डला दिनाँक 26-03-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 24-03-2024 को बंशीधर डिग्री कॉलेज/फार्म हाउस में फायरिंग करने वाले 05 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

- **घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा की बरामदगी के समय मुख्य आरोपी शिवम उर्फ सिम्मा पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने के दौरान पुलिस मुठभेड में हुआ घायल,**
- **अभियुक्त शिवम उर्फ सिम्मा के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 अवैध तमंचे, 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस बरामद।**

- **शातिर अभियुक्त शिवम उर्फ सिम्मा पर पंजीकृत हैं लगभग 01 दर्जन अभियोग।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 229/2024 धारा 147/149/307/504/506 भादवि में नामित अभियुक्तगण 1.शिवम पुत्र देवेन्द्र सिंह, 2.अमित यादव पुत्र स्व0 रविन्द्र सिंह निवासीगण वंशीपुरम स्टेशन रोड थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद, 3.कुलदीप उर्फ के0डी0 पुत्र राकेश निवासी नेहा इन्क्लेव स्टेशन रोड थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद, 4.आनू पुत्र बृहमदेव निवासी लेबर कॉलोनी स्टेशन रोड थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद, 5.विनीत कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी 260 मेहराबाद थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा की बरामदगी हेतु पूछताछ के दौरान मुख्य अभियुक्त शिवम उर्फ सिम्मा पुत्र देवेन्द्र सिंह के द्वारा बताये हुये स्थान वनकट मोड़ पर पहुँचे तो अभियुक्त शिवम द्वारा घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा जो कि टूण्डला टोल प्लाजा की दीवार के पास खड़ी झाड़ी में दिनाँक 24-03-2024 की घटना को कारित कर वापस जाते समय लोड़ कर रखा गया था। उक्त असलहा को झाड़ी से निकाल कर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने की कोशिश की गयी परन्तु पुलिस की घेराबंदी व जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के दाहिने पैर में

गोली लग गयी जिसे पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त किये गये 02 अवैध तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस, व 01 खोखा कारतूस, बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणः-

1.शिवम पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी वंशीपुरम स्टेशन रोड थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

2.अमित यादव पुत्र स्व0 रविन्द्र सिंह निवासी वंशीपुरम स्टेशन रोड थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

3.कुलदीप उर्फ के0डी0 पुत्र राकेश निवासी नेहा इन्क्लेव स्टेशन रोड थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

4.आनू पुत्र बृहमदेव निवासी लेवर कालौनी स्टेशन रोड थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

5.विनीत कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी 260 मेहराबाद थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।